खण्ड - 8 संख्या-4

# बिहार विधान-सभा

( वादवृत्त )

दिन वृस्पतिवार, तिथि 27 फरवरी, 1997 ई०।

भारत के संविधान के उपबंध के अनुसार एकत्र
विधान सभा
का
## कार्य-विवरण

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में दिन वृस्पतिवार, तिथि 27 फरवरी, 1997 को पूर्वाह्न 11.00 बजे अध्यक्ष, श्री देवनारायण यादव के सभापतित्व में प्रारंभ हुआ।

2. यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार दोषी पदाधिकारी पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

उत्तर : खंड (1) के आलोक में इसकी आवश्यकता ही नहीं रह जाती है।

(श्री यादव का स्थानांतरण)

**प्रश्नकर्ता श्री विजय कुमार गुप्ता एवं उत्तरदाता श्री रघुनाथ झा।**

1. क्या यह बात सही है कि सुपौल जिले के निर्मली प्रखंड के मार्केटिंग ऑफिसर्स श्री बालेश्वर यादव का निर्मली में तीन वर्ष से उपर होने के बाद भी स्थानांतरण नहीं किया गया है जब कि उनके उपर कई तरह की अनियमितता बरतने का आरोप है, यदि हां तो क्या सरकार उनका स्थानांतरण करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

उत्तर : आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। श्री यादव बिहार आपूर्ति सेवा संघ के सुपौल जिला के अध्यक्ष हैं। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग के परिपत्र संख्या - 1031, दिनांक-12-4-89 एवं संशोधित पत्रों के आलोक में ये यहां पदस्थापित रहने के योग्य हैं। इनके विरूद्ध कोई आरोप विभाग में नहीं है।